साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 5 | अंक : 13 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 7 नवंबर से 13 नवंबर 2024 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5




### 21 देशी शराब की बोतलें हुई जब्त

**गोंदिया**–आमगांव तहसील के ग्राम ठाणा निवासी महेंद्र प्रमोद वंजारी (37) से देशी शराब की 21 बोतले जब्त की गई. यह कार्रवाई सिपाही विनोद उपराडे ने की. आरोपी के खिलाफ आमगांव पुलिस ने महाराष्ट्र शराब बंदी कानून के तहत मामला दर्ज किया है.

## करोड़ों के विकास के बड़े-बड़े दावे 100 साल की नगर परिषद में डंपिंग यार्ड व प्रोसेसिंग यूनिट नहीं, 4 करोड से अधिक प्रति वर्ष खर्च के बावजूद गंदगी से बजबजा गोंदिया शहर

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर की नगर परिषद 100 वर्ष से अधिक की हो चुकी है तथा अ श्रेणी की होने के बावजूद अब तक शहर का घन कचरा प्रकल्प व प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण नहीं हो पाया। स्वच्छता पर प्रतिवर्ष 4 करोड रुपए से अधिक खर्च होने के बावजूद पूरा शहर गंदगी से बजबजाता है जिससे संपूर्ण देश में एक बदबूदार शहर के रूप में गोंदिया की पहचान बनी है। जबकि गोंदिया के जनप्रतिनिधियो द्वारा करोड़ों रुपए के विकास के बड़े बड़े दावे कर किया जा रहे हैं जो खोखले दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है की गोंदिया शहर महाराष्ट्र राज्य के पूर्व सीमा पर बसा एक प्रमुख शहर है जिसकी नगर परिषद को 110 वर्ष से अधिक हो चुका हैं, जिस पर 100 वर्षों से अधिक समय तक कद्दावर जनप्रतिनिधियों द्वारा सत्ता प्राप्त कर शासन किया गया है। शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गोंदिया शहर के विकास के लिए करोड़ों रुपए की निधि खर्च किए जाने के बड़े-बड़े दावे जनप्रतिनिधियो द्वारा किए जाते हैं लेकिन जब स्वच्छता पर बात आती है तो वही दावे खोखले साबित होते नजर आते हैं। गोंदिया नगर परिषद महाराष्ट्र की प्रथम श्रेणी की नगर परिषद है जिसकी अचल संपत्ति संपूर्ण महाराष्ट्र में सर्वाधिक है लेकिन अब भी नगर परिषद का स्वयं का घन कचरा प्रकल्प व प्रोसेसिंग यूनिट नहीं बन पाया है जिससे शहर की गंदगी की समस्या कभी खत्म होती दिखाई नहीं दे रही है ,जबकि प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत का अभियान चलाते हुए स्वच्छता पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की निधि खर्च की जा रही है लेकिन गोंदिया शहर में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ती हुई दिखाई दे रही।





### 4 करोड़ से अधिक प्रतिवर्ष स्वच्छता पर खर्च

गोंदिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत दिसंबर 2021 से एक निजी एजेंसी को कचरा प्रोसेसिंग का कार्य दिया गया जिसके लिए लगभग एक करोड़ 80 लख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान प्रतिवर्ष नगर परिषद द्वारा प्रोसेसिंग के लिए दिया जा रहा है। इसके साथ ही करीबन दो से ढाई करोड रुपए घंटा गाड़ियों ट्रैक्टर वह निजी एजेंटीयों के मजदूरों पर खर्च किया जा रहा है। साथ ही नगर परिषद के स्वच्छता विभाग के जो स्थाई कर्मचारी है उनका खर्च इसमें अलग है मात्र 4 करोड रुपए से अधिक निजी एजेंसी वह अस्थाई मजदूर व घंटा गाड़ियों पर नगर परिषद द्वारा खर्च किया जा रहा है इसके बावजूद भी शहर की गंदगी जज की तस दिखाई देती है।

### चंद लोगों का विरोध शासन प्रशासन उदासीन

शहर से निकलने वाले कचरे की प्रोसेसिंग यूनिट के लिए गत कुछ वर्षों से अनेकों स्थान पर भूमि का चयन किया गया लेकिन चंद लोगों के विरोध के चलते प्रोसेसिंग यूनिट वह डंपिंग यार्ड का कार्य नहीं हो पाया जबकि इसमें साफ स्पष्ट दिखाई देता है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते सिर्फ एक दूसरे का विरोध करने के लिए प्रोसेसिंग यूनिट व घन कचरा प्रकल्प में एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए चंद लोगों के द्वारा नागरिकों को सामने कर उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन करवा कर शहर के प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण नहीं होने दिया जा रहा। 65 मेट्रिक टन औसत प्रतिदिन निकलता कचरा गोंदिया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सामान्य दिनों में औसत रूप से 65 मेट्रिक टन कचरा प्रतिदिन निकलता है जबकि पर्व व त्यौहारों के समय यह अधिक हो जाता है।

### गंदगी से नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत परिणाम

गोंदिया शहर के अधिकांश क्षेत्रों में गंदगी बजबजाती रहती है जिससे अनेक बीमारियां कभी-कभी विकराल रूप ले लेती है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरीत परिणाम होता है तथा मच्छरों की समस्या विकराल हो जाती है जिससे मलेरिया वह अन्य बीमारियां नागरिकों को जकड़ती है।

### गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों का नियोजन नहीं

गोंदिया शहर कहने को तो काफी पुराना है लेकिन शहर की नगर रचना की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। शहर में नागरिकों के घर से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों की नालियों का नियोजन नहीं है। नगर परिषद द्वारा नालियों का निर्माण तो किया जाता है लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा यह अपने कार्यकर्ताओं को खुश करने के लिए दिलयया दिया जाता है जिससेकार्य कुशलता न होने के चलते नालियों का निर्माण कार्य तकनीकी रूप से नहीं हो पाता जिससे समुचित तरीके से पानी की निकासी नहीं हो पाती तथा वही जमा हो जाता है। तथा बारिश में नालियों गंदा पानी मार्गों पर बहता है तथा आने जाने वाले वाहन के चलते नागरिकों पर वह गंदा पानी निरंतर उछलता रहता है। साथ ही अनेकों बार स्कूली विद्यार्थी भी जब मार्ग से गुजरते हैं तो बाजू से जब तेज कोई तेज वाहन वहां गुजरता है तो गंदा पानी उनकी स्कूल की गणवेश को खराब कर देता है।क्या यह स्थिति शहर के जनप्रतिनिधियों को दिखाई नहीं देती।

## नागपुर विभाग ताइक्कांडो स्पर्धा में विभोर अग्रवाल को मिला स्वर्ण पदक






**बुलंद गोंदिया।** नागपुर विभाग शालेय ताइक्कांडो स्पर्धा नागपुर में आयोजित की गई थी जिसमें नटवरलाल माणिकलाल दलाल कॉलेज के छात्र विभोर नवीन अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता। विभागीय स्पर्धा में प्रथम आने पर ताइक्कांडो गुरु निलेश फुलबांधे , एमडी कॉलेज के प्रशिक्षक चेतन मानकर वह परिजनों ने उसे शुभकामना देते हुए उसके खेल के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री मारवाड़ी युवक मंडल में सम्मानित गोंदिया के श्री मारवाड़ी युवक मंडल के दीपावली में स्नेह मिलन समारोह के अवसर पर मेधावी खिलाड़ियों का सत्कार व अन्नकूट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विभोर नवीन अग्रवाल के नागपुर विभाग शालेय ताइक्कांडो स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतने पर श्री मारवाड़ी युवक मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## महानगरों जैसी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधा मिल रही गोंदिया में सुप्रीम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सांसद प्रफुल ने पटेल दी सदिच्छा भेट







**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर के प्रसिद्ध सुप्रीम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में दीपावली के अवसर पर संसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा सदिच्छा भेंट दी तथा इस अवसर पर कहा कि गोंदिया में अब महानगरों की तर्ज पर उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है जिसका लाभ जिले के साथ-साथ आसपास के जिलों के भी नागरिकों को मिल रहा है। गौरतलब है की गत कुछ वर्षों में गोंदिया शहर मेडिकल हब के रूप में बन रहा है जिसमें आधुनिक तंत्रज्ञान की शिक्षा प्राप्त कर आने वाले युवा चिकित्सकों द्वारा आधुनिक तकनीकी व संसाधनों के माध्यम से महानगरों की तर्ज पर मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाला उपचार सुलभ दरों में उपलब्ध करवा रहे है। जिससे अब गोंदिया जिले के मरीजों को महानगरों की ओर नहीं जाना पड़ता। गोंदिया शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ पुष्पराज गिरी द्वारा आधुनिक तकनीकी व संसाधन के साथ विभिन्न स्वास्थ्य उपकरणों से सुसज्जित सुप्रीम हॉस्पिटल का निर्माण किया जिसमें गोंदिया जिले के साथ-साथ पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व गढ़चिरौली जिले के मरीजों को इसका लाभ मिल रहा है। दीपावली के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा सुप्रीम मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में पहुंचकर सदिच्छा भेट देकर अस्पताल के संचालक डॉक्टर पुष्पराज गिरी ,डॉक्टर वज्र गिरी व अन्य चिकित्सकों के साथ-साथ अस्पताल के कर्मचारियों से चर्चा कर सुप्रीम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की तथा डॉक्टर पुष्पराज गिरी वह सभी कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामना देकर मरीजों का उपचार व सेवा करने के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर डॉक्टर पुष्पराज गिरी ,डॉक्टर वज्र गिरी ,वसंत गिरी, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, केवल बघेले , डॉ आनंद कटरे ,डॉक्टर किशन ठकरानी, डॉक्टर विवेक हरिनखेडे ,डॉ निखिल गजभिए, रविंद्र गिरी, लोकेश गिरी, संजीव राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


# AURA SCANING
## (औरा स्कॅनिंग)



अपने शरीर मे या अपनी वास्तु मे नकारात्मक उर्जा या बुरी शक्तियों की उपस्थिती की जाँच करे।

- ऐसे रोग जो सालों से दवाईयाँ लेने के बाद भी ठीक नही हो रही है, उसके कारणों का पता लगाये।
- उपरोक्त समस्यों मे उसका पूर्ण समाधान भी प्राप्त करे।

संपर्क :- नर्मदा प्रसाद भिमटे (रेकी हीलर, योग, नेचरोपैथी)
मो.: 8459471946


## भालू के हमले में किसान जख्मी
## मांडोबाई बघेडा खेत परिसर की घटना



**बुलंद गोंदिया। ( संवाददाता आमगांव )**- गोरेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले मांडोबाई बघेडा खेत परिसर मेंमंगलवार 5 नवंबर की शाम कृषि कार्य कर वापसआ रहे किसान पर वन्य जीव भालू ने हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। गौरतलब है की गोंदिया जिले के संरक्षित वन क्षेत्र से लगे ग्रामों में वन्यजीवों का आगमन बढ़ गया है। वन्य जीवों के ग्रामो में आने से आए दिन वन्य जीव मानव संघर्ष होता है। जिसमें वन्य जीवों द्वारा किसानों व अन्य नागरिकों पर हमला कर उन्हें जख्मी किया जाता है। साथ ही वन्य जीव दुर्घटना के भी शिकार होते है। इसी प्रकार का एक मामला गोरेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले मांडोबाई बघेडा निवासी किसान कोराची के खेत परिसर से कृषि कार्य निपटाकर आने वाले किसान दिवारु पर वन्य जीव भालू ने हमला कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसे उपचार के लिए आमगांव के ग्रामीण चिकित्सालय में दाखिल कराया गया तथा इस घटना की जानकारी वन विभाग को दी।

## चुनाव निरीक्षक ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**गोदिया**-विधानसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत गोंदिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईटीपीबीएमएस द्वारा ई-टपाली मतपत्रिका नमूना 7 (अ) के अनुसार तैयार कर सर्विस वोटर तक भेजने की प्रक्रिया 65 गोंदिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव निरीक्षक (सामान्य) मोहित बुंदार की उपस्थिति में चुनाव निर्णय अधिकारी चंद्रभान खंडाइत, सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी समशेर पठान, सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी श्रीकांत कांबले ने चुनाव निर्णय अधिकारी के कार्यालय में पूर्ण की। चुनाव निरीक्षक मोहित बुंदास ने नगर परिषद हिंदी पूर्व माध्यमिक शाला मरारटोली गोंदिया के मतदान केंद्र क्रमांक 177, 178, 179, 183 व राजस्थानी कन्या विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय गोंदिया के मतदान केंद्र क्रमांक 225, 226, 227, 228, 229 के साथ ही पुंजाभाई पटेल कॉलेज आफ एजुकेशन गोंदिया के गुलाबी मतदान केंद्र क्रमांक 257, 258, 259, 260, 261 के अलावा गर्रा खुर्द की जिला परिषद हिंदी प्राथमिक शाला के मतदान केंद्र क्रमांक 59 को भेंट देकर मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही बुंदास ने पुलिस स्टेशन रावणवाड़ी में भेंट देकर पुलिस स्टेशन की सीमा में शांतिपूर्ण परिस्थिति की जानकारी ली।

## संपादकिय...

# सरकार के संज्ञान में देहरा

सुशासन की सियासी तीमारदारी के स्तंभ कमोबेश हर सत्ता के कक्ष से निकले और इन करवटों ने हिमाचल के भौगोलिक नक्शे पर कई प्रयोग किए। ताजा प्रयोग देहरा में मुख्यमंत्री कार्यालय का प्रवेश द्वार है। इससे पहले नादौन में मुख्यमंत्री का कैंप आफिस, सुशासन के अपने तरीके खोज लाया। हिमाचल के शासन में भौगोलिक खींचतान हमेशा रही है और इसी से निकले हैं कई प्रयोग। खास तौर पर पंजाब पुनर्गठन के बाद पहाड़ी क्षेत्रों में भौगोलिक सीमाओं को पढ़ते-पढ़ते कहीं न कहीं ऊपरी व निचले हिमाचल के वित्तीय विभेद सामने आए और इस रस्साकशी से उपजे विवादों से अलग होने की कोशिश हुई। स्व. वाई एस परमार के दौर से सुखविंदर सुक्खू के आधार तक पहुंचते-पहुंचते हिमाचल की करवटें अपने गीत सुनाती रहीं। स्व. ठाकुर रामलाल ने सरकार के कद को कांगड़ा की सोहबत में परखा तो पहली बार मंत्रिमंडल ने धर्मशाला में शिविर स्थापित करके नजदीकी के सेतु तलाशे जो बाद में फैलते हुए वीरभद्र सिंह के शीतकालीन प्रवास तक पहुंच गए। विवाद धर्मशाला में हिमाचल भवन पर उठा और धूमल सरकार ने कश्मीर हाउस को आजाद करवा कर पर्यटन निगम को सौंप दिया, लेकिन इसके बाद बाकायदा एक प्रशासनिक सचिवालय बना जहां शिमला के बाद कुछ मंत्री धर्मशाला आकर बैठने लगे। राजनीति के शिल्प को तेजधार देने में माहिर रहे स्व. वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन प्रवास को विधानसभा के शीतकालीन सत्र तक पहुंचा कर तपोवन विधानसभा परिसर की स्थापना नहीं की, बल्कि शीतकालीन राजधानी का दर्जा भी दिया, जिसे बाद में आज तक तरजीह नहीं मिली। पिछले कुछ सालों से मुख्यमंत्री का शीतकालीन प्रवास भी गैरजरूरी होता जा रहा है, हालांकि जयराम सरकार ने अपनी पहली इनवेस्टमेंट मीट और सुक्खू सरकार ने अपनी पहली वर्षगांठ मनाने के लिए धर्मशाला में ही स्तंभ स्थापित किए। आखिर कुछ तो है जिसे शिमला के बाहर ढूंढते-ढूंढते सरकारें धर्मशाला तक पहुंचीं, लेकिन अब फेहरिस्त में क्षेत्रीय राजनीति का बदलाव मुख्यमंत्री के दो शिविर कैंप स्थापित कर रहा है। प्रो. प्रेम कुमार धूमल के बाद सुखविंदर सुक्खू के सामने सियासी दोहन की पारी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जिरह को आबाद कर रही है और कहना पड़ता है कि सत्ता का शिखर और असर यही है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जिस पहलू में कांगड़ा का यह हिस्सा आ रहा है वहां सांसद अनुराग व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की निगरानी भी है। अनुराग ठाकुर जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय को पहुंचा सकते थे, उससे कहीं आगे इसका देहरा परिसर पहुचं रहा है, जबकि धर्मशाला का प्रस्तावित जदरांगल परिसर अपने बुनियादी प्रश्नों से लड़ रहा है। बनखंडी का चिडियाघर अपने होने की इत्तिला दे रहा है, लेकिन धर्मशाला का टूरिस्ट विलेज, हिमुडा कालोनी, कानवेंशन परिसर, हाई आल्टीट्यूट स्पोर्ट्स कांपलेक्स व यूनिटी मॉल अपने खोने की खबर बना रहा है।

# सभा के लिए अनुमति लेना अनिवार्य

## » चुनाव निरीक्षक गुप्ता हुए सभी उम्मीदवारों व प्रतिनिधियों से रूबरू




**भंडारा**-साकोली विधानसभा सीट से चुनाव की पृष्ठभूमि में चुनाव निरीक्षक विजय गुप्ता की अध्यक्षता में प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गयी. इस बैठक में चुनाव निरीक्षक ने प्रत्याशियों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये. उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी से नियमों का पालन करने तथा सहयोग करने की अपील की. गुप्ता ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान सभा, प्रचार-प्रसार जैसी सभी गतिविधियों के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है. इसके लिए समय पर आवेदन करना और आवश्यक परमिट प्राप्त करना आवश्यक है. उन्होंने उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से नियमों का पालन करने और प्रचार के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता से बचने को भी कहा. पारदर्शिता और सहयोग का महत्व चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तंत्र एवं प्रत्याशियों की ओर से सहयोग की बात कही गयी. गुप्ता ने यह भी कहा कि किसी भी जानकारी या कठिनाई के लिए चुनाव निर्णय अधिकारियों से संपर्क किया जाना चाहिए. चुनाव प्रक्रिया में प्रशासन के नियमानुसार नियमों एवं निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाये. समय- समय पर दिये निर्देशों का हो पालन चुनाव निरीक्षक ने चुनाव से संबंधित किसी भी प्रश्न या समस्या के लिए चुनाव रिटर्निंग अधिकारियों से संपर्क करने की अपीला की. इससे यह सुनिश्चित होगा कि चुनाव प्रक्रिया में कोई गड़बड़ न हो और सवालों व जिज्ञासाओं का तुरंत समाधान किया जा सके. उन्होंने प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों से अपील की है कि साकोली में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंगा से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से समय-समय पर दिये जाने वाले निर्देशों का पालन करें.

# आदिवासी विकास मंडल की धान खरीदी शुरू

## मार्केटिंग फेडरेशन केंद्रों का कब निकलेगा क्रय मुहूर्त ?



**गोंदिया**-आदिवासी विकास महामंडल ने देवरी तहसील के डवकी में सरकार समर्थन मूल्य धान खरीदी केंद्र खोलकर धान की खरीदी शुरू की. लेकिन जिला मार्केटिंग फेडरेशन ने अब तक धान खरीदी केंद्र शुरू नहीं किया है. इसलिए फेडरेशन धान खरीदी केंद्र शुरू करने का मुहूर्त कब निकलेगा, ऐसा सवाल किसानों द्वारा किया जा रहा है. जिले के किसान खरीफ सीजन में भारी मात्रा में हल्के धान की खेती करते हैं. दिवाली से पहले हल्का धान निकलने के कारण किसान इस धान को बेचकर दिवाली का त्योहार मनाते हैं. सरकार आदिवासी विकास महामंडल और जिला मार्केटिंग फेडरेशन के माध्यम से धान खरीदी केंद्र स्थापित कर समर्थन मूल्य के तहत धान खरीदती है. इससे यह सुनिश्चित होता है कि किसानों को समर्थन मूल्य मिले. लेकिन इस साल दिवाली आ जाने के बावजूद भी जिला मार्केटिंग फेडरेशन ने अब तक धान खरीदी केंद्र शुरू नहीं किया है. परिणामस्वरूप, कई किसानों को कम कीमत पर निजी व्यापारियों को धान बेचना पड़ रहा है. निजी व्यापारी भी किसानों की परेशानी का फायदा उठा रहे हैं और समर्थन मूल्य से एक हजार रु. कम कीमत पर धान खरीद रहे हैं. जिसका नतीजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है. हालांकि जिला मार्केटिंग फेडरेशन ने इस वर्ष खरीफ सीजन के दौरान 183 धान खरीदी केंद्र शुरू करने की योजना बनाई है, लेकिन अभी तक केंद्र शुरू करने का मुहूर्त नहीं मिल पाया है. वहीं, गुरुवार को आदिवासी विकास महामंडल ने देवरी तहसील के डवकी में धान खरीदी केंद्र खोलकर किसानों को राहत दी है. ऐसे में किसान पूछ रहे हैं कि जिला मार्केटिंग फेडरेशन का धान खरीदी केंद्र कब शुरू होगा.

### 10,000 से ज्यादा किसानों का पंजीयन

सरकारी धान खरीदी केंद्र पर धान बेचने के लिए किसानों को सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है. इसके बिना धान नहीं बिक्री किया जा सकता. जिले के 2 लाख 39 हजार किसानों में से अब तक 10 हजार 242 किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है. जिला मार्केटिंग फेडरेशन के अधिकारियों ने बताया कि धान की खरीदी 5 नवंबर से शुरू की जाएगी.

# हिवरा सड़क पर गड्ढों का साम्राज्य



गोंदिया-गोंदिया तहसील अंतर्गत ग्राम रतनारा हिवरा मार्ग पर गड्ढों का साम्राज्य देखने मिल रहा है. इस मार्ग पर वाहन चालकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस मार्ग को दुरूस्त करने की मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है. इस मार्ग पर बड़े पैमाने पर वाहनों का आना-जाना लगा रहता है. इस क्षेत्र के नागरिकों को हर दिन कुछ ना कुछ काम से गोंदिया आना पड़ता है लेकिन मार्ग के गड्?ढों से अनेक नागरिक परेशान हो गए हैं. यही नहीं मार्ग की गिट्टी उपर आ गई है. जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है. इतना ही नहीं तो इस मार्ग पर कई बार छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं. इसमें कुछ लोग घायल भी हुए है. इस मार्ग को दुरूस्त करने की मांग इस क्षेत्र के नागरिकों ने की है.

# घाटटेमनी गांव में गोवारी समाज ने की गोवर्धन पूजा



**गोंदिया**, ब्यूरो. दीपावली के दूसरे दिन ग्राम घाटटेमनी में गोवर्धन पूजा की गई. भारतीय संस्कृति में गोवारी समाज के माध्यम से गोवर्धन पूजा कर गौमाता को खिलाने की परंपरा है. इस अवसर पर ग्राम घाटटेमनी में गोवारी समाजबंधुओं द्वारा गांव के चौक पर गोवर्धन पूजा कर गौमाता खिलाई गई. इस अवसर पर पुलिस पाटिल किशोरकुमार दोनोडे, गौरक्षा प्रमुख मुकेश कोरे, उपसरपंच रामचंद्र ठाकरे व पूर्व विमुस अध्यक्ष रमेश डोये, रोशनलाल फरकुंडे, बाबूलाल दोनोडे, राधेश्याम दोनोडे, नंदकिशोर पारधी, श्रीराम पाथोडे सहित गांव के समस्त किसान बंधु व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# संरक्षाकर्मी को किया गया सम्मानित

## 6 कर्मचारियों का उत्कृष्ट व सराहनीय प्रदर्शन



**गोंदिया**-रेल में संरक्षा दिक्षणा पूर्वमेध्य रेलवे किचालकाच प्राथमिकता है. सजगता व बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान दपूम रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है. इसी कड़ी में दपूम रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 6 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट व सराहनीय संरक्षा संबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक नीनु इटियेरा के द्वारा सम्मानित किया गया. जिनमें नागपुर मंडल के दो रेल कमियों का समावेश है व वर्तमान में दोनों ही गोंदिया जिले के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों में कार्यरत है. सम्मानित किए जाने वालों में ट्रैक मैंटेनर जयप्रकाश कुमार का समावेश है जो सालेकसा में कार्यरत है. उन्होंने 6 अक्टूबर% 2024 को सालेकसा दरेकसा सेक्शन के बीच लेवल क्रॉसिंग नं. 484 पर ड्यूटी के दौरान अप मालगाड़ी पार करते समय देखा कि इंजन के पहिए से चिंगारी निकल रही है तब इन्होंनें तुरंत ही उप स्टेशन अधीक्षक/दरेकसा को सूचित किया, जिसके बाद ट्रेन को सालेकसा में रोक कर कैरिज एंड वैगन स्टाफ द्वारा ट्रेन की जांच करने पर इंजन में हॉट एक्सल का पता चला. तत्पश्च्यात निर्धारित प्रक्रिया द्वारा सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया गया. इस प्रकार जयप्रकाश कुमार की सजगता व सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई.

**सतर्कता से ट्रेन परिचालन में हुई संरक्षा सुनिश्चित**

सम्मानित होने वाले दूसरे कर्मचारी ट्रैक मैंटेनर भोजराज लहानु साखरे ने 22 सितम्बर 2024 को ड्यूटी के दौरान लेवल क्रॉसिंग नंबर 515 पर गंगाझरी-काचेवानी खंड के बीच डाऊन दिशा में मालगाड़ी पार करते समय देखा कि मालगाड़ी के ब्रेक वैन से 10वें वैगन के पहिये से चिंगारी निकल रही है. इन्होंनें तुरंत उप स्टेशन अधीक्षक / गंगाझरी को सूचित किया. स्टेशन अधीक्षक ने ट्रेन को गंगाझरी में रोक दिया और कैरिज एंड वैगन स्टाफ द्वारा ट्रेन की जांच के बाद उस वैगन में हॉट एक्सल का पता चला जिसके बाद निर्धारित प्रक्रिया द्वारा सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया गया. इस प्रकार भोजराज साखरे की सजगता व सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई.

# शराब भट्टी पर पुलिस का छापा, 1.10 लाख रुपयो का माल जब्त

**सालेकसा**-सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम टेंभुटोला में चल रही शराब भट्टी पर पुलिस टीम ने छापा मारकर अवैध शराब व शराब बनाने की सामग्री सहित लगभग 1.10 लाख रुपयों का माल जब्त किया गया। यह छापामार कार्रवाई शुक्रवार को शाम 4.30 बजे से 5.30 बजे के बीच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सालेकसा पुलिस की टीम को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली थी कि, ग्राम टेंभुटोला (पिपेरिया) जंगल में शराब भट्टी चल रही है। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने शराब भट्टी पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने घटना स्थल से 1040 किलोग्राम महुए का सड़वा, 1 लाख 10 हजार 300 रुपये मूल्य की शराब बनाने की सामग्री जब्त की।



# प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की समीक्षा की गई




**गोंदिया** -तिरोडा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव खर्च को लेकर खर्च निरीक्षक नागेंद्र भुकया ने तिरोड़ा निर्वाचन अधिकारी कार्यालय का दौरा कर समीक्षा बैठक की. इस दौरान निर्वाचन अधिकारी पूजा गायकवाड़, खर्च नोडल अधिकारी जनार्धन खोटरे, व्यय निरीक्षक के संपर्क अधिकारी तथा सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी प्रशांत इंगोले, तिरोडा विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय निरीक्षक जीभकाटे, सहायक जिला व्यय नोडल अधिकारी संदीप बोरकर व विधानसभा व्यय संबंधित सभी नोडल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे. इस दौरान व्यय निरीक्षक भुकया ने प्रत्याशियों के व्यय का रिकार्ड रखने के साथ ही बेहतर पर्यवेक्षण के लिए आवश्यक निर्देश दिए. एसओआर रजिस्टर में व्यय दर्ज करते समय सबूत के रूप में सबूतों का फोल्डर रखने, सहायक व्यय निरीक्षक द्वारा सत्यापन करने, रेट लिस्ट अनुसार सही दरें रखने, पेड न्यूज की जांच करते समय सभी आवश्यक पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए. निरीक्षक ने लेखा टीम, वीवीटी टीम, सहायक व्यय निरीक्षक एवं व्यय विषयक टीमों को काम करने के दौरान आने वाली कठिनाइयों को जाना व उनका मार्गदर्शन किया. इस दौरान उन्होंने बोंडरानी एसएसटी नाका क्षेत्र का दौरा किया और वाहन के निरीक्षण के समय वाहन के बोनट की जांच करने के निर्देश दिए. साथ ही सभी प्रकार के वाहनों की जांच के दौरान विनम्र व्यवहार बनाए रखने के संबंध में निर्देश दिए गए.

# साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ नाटक स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जनजागृति

सालेकसा-स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आमगांव विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा साखरीटोला के साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ नाटक व कला पथक के माध्यम से मतदाता जनजागृति की गई. विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से विभिन्न उपक्रम चलाए जा रहे हैं. सालेकसा तहसील प्रशासन की ओर से आमगांव विधानसभा क्षेत्र में मतदान गीत, नारे, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जन जनजागृति की जा रही है. नोडल अधिकारी जी.टी सिंगनजुडे, विषय विशेषज्ञ गट साधन केंद्र सालेकसा के सुरेंद्र कुमार खोब्रागड़े, ज्योत्सना रहांगडाले, प्रा. सोनटक्के, पंचशील हाईस्कूल मक्काटोला के प्रा. सुलाखे उपस्थित थे. बोदलबोडी स्कूल के विद्यार्थियों ने मनमोहक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मतदान में उत्साह जगाया. इससे पहले नोडल अधिकारी सिंगनजुड़े और संयोजक सुरेंद्र कुमार खोब्रागड़े ने मतदाताओं का मार्गदर्शन किया. पंचशील कॉलेज मक्काटोला के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया. इससे पहले सालेकसा, गोवारीटोला में जन जागरूकता उपक्रम आयोजित किए गए. बोदलबोडी में नुक्कड़ नाटक टीम को तहसील चुनाव अधिकारियों, नगर विकास अधिकारियों, नोडल अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों आदि से मार्गदर्शन मिल रहा है. हर बार चुनाव का प्रतिशत औसतन 70 प्रश. के आसपास होता है. लेकिन इस बार चुनाव का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं.

# श्री श्याम जन्मोत्सव निशान यात्रा व भजन संध्या मंगलवार 12 नवंबर को

**बुलंद गोंदिया।** भगवान श्री कृष्ण के कलयुग अवतारी श्री श्याम जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी मंगलवार 12 नवंबर को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य निशान यात्रा वह भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

भगवान श्रीकृष्ण के कलयुग अवतारी शीश के दानी हारे के सहारे भगवान श्री श्याम का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी को मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार गोंदिया के श्री श्याम गुणगान परिवार द्वारा भव्य निशान यात्रा व भजन संध्या का आयोजन किया गया है।.

जिसमें मंगलवार 12 नवंबर प्रात: गणेश नगर स्थित श्री रानी सती धाम स्थित श्री श्याम दरबार में बाबा श्याम का मनमोहक श्रृंगार वह अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। इसके पश्चात प्रात 9-35 पर अग्रसेन भवन से भव्य निशान यात्रा निकली जाएगी जो संपूर्ण शहर का भ्रमण करते हुए रानी सती मंदिर गणेश नगर श्याम दरबार पहुंचेंगी। इसके पश्चात 56 भोग वह इत्र वर्ष के साथ संध्या 7-35 पर बाबा श्याम के प्रसिद्ध भजन गायक टीनू शर्मा द्वारा अपनी सु मधुर वाणी में बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।




बाबा श्याम के निशान उठाने के लिए सुरेश मित्तल 9422131379 ,राजेश अग्रवाल सीडी 9422130656, पवन अग्रवाल (अग्रश्री) 9423 114517, रितेश अग्रवाल 9373034459 ,सुधीर अग्रवाल 9325 560751 पर संपर्क कर सकते हैं। श्री श्याम जन्मोत्सव के आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में श्याम भक्तों वह धर्म प्रेमियों से शामिल होने का आवाहन कार्यक्रम के आयोजक श्री श्याम गुणगान परिवार गोंदिया द्वारा किया गया है।

# गोंदिया जिले की चार विधानसभा क्षेत्र में 64 उम्मीदवारों के बीच होगा रणसंग्राम

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले की चार विधानसभा क्षेत्र में 4 नवंबर के को नामांकन वापसी के पश्चात 64 उम्मीदवार मैदान में है जिनके बीच चुनावी रणसंग्राम होगा तथा कौन इस रणसंग्राम में जीत का सेहरा अपने सर बांधता है यह 23 नवंबर को जादुई पिटारा खुलने पर ही सामने आएगा। अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में 19, तिरोडा में 21 ,गोंदिया में 15 वह आमगांव में 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

### अर्जुनी मोरगांव-63 ( एससी ) विस क्षेत्र

1) राजकुमार बडोले - राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार)
2) दिलीप बंसोड़ - इंडियन नेशनल कांग्रेस
3) भावेश कुंभारे - महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना 4) सचिनकुमार नांदगाये - बहुजन समाज पार्टी
5) अनिल राऊत - हमर राज पार्टी
6) कश्यप मेश्राम -पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया
7) सुगत चंद्रिकापुरे - प्रहार जनशक्ती
8) दिनेश पंचभाई - वंचित बहुजन
9) अजय बडोले - निर्दलीय
10) अजय लांजेवार - निर्दलीय
11) अनिलकुमार मेश्राम - निर्दलीय 12) केतन मेश्राम - निर्दलीय
13) इंजी. सुजीत खरोले -निर्दलीय 14) नीता साखरे - निर्दलीय
15) नितेश बोरकर - निर्दलीय
16) प्रफुल ठमके - निर्दलीय 17)डा. बबन कांबले - निर्दलीय 18)रत्नदीप दहीवले - निर्दलीय
19)राजेंद्र टेंभुर्णे - निर्दलीय

### तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्र - 64

1) रविकांत खुशाल बोपचे - नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी शरद पवार
2) विजय भरतलाल रहांगडाले - भारतीय जनता पार्टी
3) चंपालाल दशरथ साठवने - बहुजन समाज पार्टी
4) अतुल मुरलीधर गजभिये - वंचित बहुजन आघाडी
5) दिनेश दुधराम टेकाम - जन सेवा गोंडवाना पार्टी
6) प्रताप तिलकचंद पटले - संभाजी ब्रिगेड
7) रविंद्र दिलीप सोयाम - पिपल्स यूनियन पार्टी
8) राजेश माधोराव आंबेडारे - बहुजन रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी
9 अजय विश्वनाथ आंजनकर - निर्दलीय
10) कोसरकर खुशाल देवाजी - निर्दलीय
11) गजभिये कैलाश बुधराम - निर्दलीय
12) डोंगरे मनोज युवराज - निर्दलीय
13) तायवाड़े राजेशकुमार मयाराम - निर्दलीय
14) नरेंद्रकुमार गणपतराव रहांगडाले - निर्दलीय
15) नितेश शालिकराम खोब्रागडे - निर्दलीय
16) निरजकुमार भुमेश्वर मिश्रा - निर्दलीय
17) नितेश प्रदीप गोंडाने - निर्दलीय
18) राजेंद्र दामोदर दादरे - निर्दलीय
19) शालु बेनीलाल ठाकरे -निर्दलीय
20) सुरेश टेंभरे - निर्दलीय
21) सोनू टेंभेकर - निर्दलीय

### गोंदिया विधानसभा क्षेत्र - 65

1)अग्रवाल गोपालदास शंकरलाल- इंडियन नेशनल कांग्रेस
2)अग्रवाल विनोद- भारतीय जनता पार्टी
3)नरेंद्र सुहागन मेश्राम- बहुजन समाज पार्टी
4)सुरेश रमनकुमार चौधरी-महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना
5)राजेशकुमार हनवंतलाल डोये-राइट टू रिकॉल पार्टी
6) सतीश सदाराम बंसोड़ - वंचित बहुजन आघाड़ी
7)अरुण नागोराव गजभिये- निर्दलीय
8) ओमप्रकाश सोमाजी रहांगडाले - निर्दलीय
9)गोविंद रामदास तिड़के - निर्दलीय
10)चंद्रशेखर (बालु) लिचड़े - निर्दलीय
11)दुर्गेश बिसेन - निर्दलीय
12)नागेश्वर राजेश दुबे - निर्दलीय
13)डा. बडोले विनोद काशिरामजी- निर्दलीय
14)सुरेश दादुजी टेंभरे- निर्दलीय
15)संतोष बलीराम लक्षणे - निर्दलीय

### आमगांव विधानसभा 66 ( एसटी )

1 )दिलीप जुड़ा - बहुजन समाज पार्टी
2) राजकुमार पुराम- इंडियन नेशनल कांग्रेस
3)संजय पुराम- भारतीय जनता पार्टी
4)देवविलास भोगाड़े - राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी
5)निकेश गावड़- वंचित बहुजन आघाड़ी
6)वामन शेलमाके-बहुजन रिपब्लिकन सोशलिस्ट पार्टी
7)विलास चाकाटे - निर्दलीय
8) यशवंत मलये - निर्दलीय
9 )शंकर मड़ावी - निर्दलीय

# सानगडी नाले में पाई गई 200 मृत मुर्गियां ग्राम पंचायत ने कराई सफाई, टला खतरा



**साकोली**-साकोली-सिरोंचा राष्टीय राजमार्ग पर सानगडी में एक अज्ञात वाहन चालक ने लगभग 150 से 200 मृत मुर्गियों को नाले में फेंक दिया. जिससे दिवाली के दौरान मानव और जानवरों के लिए रोग फैलने का खतरा बढ़ गया. लेकिन स्थानीय ग्रामपंचायत ने समय पर कार्रवाई की, जिससे बड़ा अनर्थ टल गया. साकोली तहसील के सानगडी में राष्टीय राजमार्ग पर नाला है. कृषि और पशुधन के लिए प्रचुर मात्रा में पानी एकत्रित हो सके, इसलिए सिमेंट का बंधारा बनाया गया हैं. 1 नवंबर की रात को मुर्गियों से भरे वाहन का चालक पुल पर रुककर ये मृत मुर्गियां नाले में फेंक कर चला गया. जब कुछ लोगों ने इस बारे में चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितीन तिरपुडे को जानकारी दी, तो वह अपने दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. वहां उन्होंने सरपंच सविता उप्रीकर और पुलिस को सूचित किया. सभी संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और देखा कि मृत मुर्गियां नाले में चारों ओर बिखरी हुई हैं, जिन्हें मछलियां खा रही थीं और वहां दुर्गंध फैल रही थी. इस स्थिति से गंदगी और रोग फैलने से बचाने के लिए सरपंच ने तुरंत अपने कर्मचारियों को मुर्गियों को एकत्रित करने के लिए काम पर लगाया. जेसीबी की मदद से उन्हें गड्ढे में दफन किया गया, जिससे एक बड़ी समस्या टल गई.

### बर्ड फ्लू जैसे गंभीर रोगों का होता जन्म -तिरपुडे

डॉ. नितीन तिरपुडे ने बताया। कि अगर मृत का ध्यान नहीं रखा जाता, तो बर्ड फ्लू जैसे गंभीर रोगों का जन्म हो सकता था, जिसका प्रभाव मानव और जानवरों पर पड़ता. यह पानी रोजमर्रा के उपयोग का है और सभी जीवों के लिए आवश्यक है. ग्रामपंचायत की त्वरित कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन पुलिस विभाग को भी इस मामले में सतर्क रहना चाहिए और मुर्गियों की अवैध परिवहन करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा ऐसे घटनाएं भविष्य में भी होती रहेंगी.

# देवरी बस स्थानक पर मतदाता जनजागरण



**देवरी**-पंचायत समिति देवरी अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल के बस स्थानक देवरी में तहसील स्वीप नोडल टीम की ओर से मतदाता जनजागृति कार्यक्रम चलाया गया। इस समय गुट शिक्षाधिकारी मोटघरे, शिक्षा विस्तार अधिकारी राऊत, मुख्याध्यापक गभने, सहायक शिक्षक देवरी एवं आमगांव विधानसभा नोडल अधिकारी व देवरी के गुट विकास अधिकारी जी.टी. सिंगनजुड़े द्वारा बस स्थान में उपस्थित यात्रियों को मतदान के अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। यात्रियों को कहा गया कि 20 नवंबर को बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग किया जाए। इस समय लगभग 480 यात्रियों ने हिस्सा लिया।

# विधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन तैयार : जिलाधिकारी



**गोंदिया** - जिलाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी प्रजीत नायर ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित किए है. गोंदिया जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 20 नवंबर को मतदान होगा. इस चुनाव के लिए जिला प्रशासन तैयार है. वे विधानसभा चुनाव को लेकर उपविभागीय अधिकारी कार्यालय के सभागृह में आयोजित पत्रकार परिषद में जानकारी दे रहे थे. इस दौरान चुनाव निरीक्षक (सामान्य) मोहित बुंदास, जिला पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे व निर्वाचन अधिकारी चंद्रभान खंडाईत उपस्थित थे. जिलाधिकारी ने कहा कि 4 नवंबर तक जिले में 11,25,100 मतदाता हैं. इसमें 5,53,685 पुरुष व 5,71,405 महिला व अन्य 10 मतदाता हैं. जिले में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों में अर्जुनी मोरगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19, तिरोड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 21, गोंदिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 व आमगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 9 समेत 64 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. जिले में कुल 1285 मतदान केंद्र हैं. जिले के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाता व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई है. जिले में सेना, पुलिस बल में कार्यरत मतदाताओं की संख्या 1972 है. मताधिकार के लिए जिला प्रशासन द्वारा विविध मशीनरी के माध्यम से सहयोग किया जाएगा.

# झिलमिली और परसवाड़ा को अब तक विकास को इंतजार जिले में पर्यटन स्थलों की ओर अनदेखी



**गोंदिया**-जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं होने के बावजूद भी यहां पर्यटन उपेक्षित है. कुछ साल पहले जिले में सारस के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने का काम तत्कालीन जिलाधीश अभिमन्यु काले के कार्यकाल में किया गया था. उसके बाद पर्यटन विकास की उपेक्षा की गई. इसके अलावा तहसील के झिलमिली, परसवाड़ा में सारस की संख्या लगातार बढ़ रही है. जिसके अनुसार, यदि इन गांवों को राजाश्रय मिल जाए तो इन नए स्थानों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सकता है. जिले में कई महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल हैं. लेकिन अभी भी जिले में पर्याप्त पर्यटक नहीं आते हैं. जिले में पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं का अभाव अब भी बना हुआ है. पर्यटन विकास की उपेक्षा के कारण जिले में रोजगार के अवसर भी कम हो रहे हैं. पूरे राज्य में केवल पूर्वी विदर्भ में गोंदिया, भंडारा, चंद्रपुर और निकटवर्ती राज्य मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले ही सारस का घर है. सारस के जोड़े पर्यटकों को आकर्षित करते हैं. पर्यटन की दृष्टि से गोंदिया तहसील पर विचार करें तो नागरा और कामठा वैसे तो पर्यटन स्थल हैं लेकिन धार्मिक स्थल भी हैं. लेकिन, कुछ सालों से सारस झिलमिली और परसवाड़ा के तालाब क्षेत्र में रह रहे हैं और इनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है. इस क्षेत्र के विकास से सारस की संख्या में वृद्धि हो सकती है. जिससे पर्यटकों की संख्या भी बढ़ सकती है. प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

# सड़क निर्माण को लेकर नागरिकों में नाराजगी प्रभाग वासियों को करनी पड़ रही निर्माण कार्य में क्यूरिंग

**गोरेगांव**-शहर के प्रभाग चंद्रपुरटोली में इन दिनों एक सड़क निर्माण को लेकर नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है. हाल ही में सार्वजनिक बांधकाम विभाग के तहत सीमेंट सड़क निर्माण कार्य किया गया है. लेकिन निर्माण कार्य में क्यूरिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है. संबंधित ठेकेदार द्वारा क्यूरिंग नहीं किए जाने से मजबूरन प्रभागवासियों को स्वयं यह जिम्मेदारी उठानी पड़ रही है. यहां प्रभाग निवासी राकेश वैद्य तथा श्यामलाल वालदे ने बताया कि सड़क निर्माण के बाद यहां एक बार भी पानी नहीं डाला गया. ऐसे में हम अपने घरों से बकेट से पानी डाल रहे हैं. जिसकी शिकायत भी की गई है. लेकिन संबंधित विभाग इस विषय पर ध्यान नहीं दे रहा है. गोरेगांव शहर में 40 लाख रु.के निधि से निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं. जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी सार्वजनिक बांधकाम विभाग को दी गई है इस बीच इन चार निर्माण कार्यों में से एक शहर के चंद्रपुरटोली में शैलेश डोंगरे के मकान से लेकर सार्वजनिक शौचालय तक सीमेंटीकरण किया गया है. दिवाली के पूर्व यह निर्माण किया गया है. ऐसे निर्माण कार्य को पूरा हुए 8 दिनों का समय बीत गया है

### नागरिकों ने की नगर पंचायत से शिकायत

अत्यंत महत्वपूर्ण क्यूरिंग कार्य नहीं किया गया है. जिसके चलते निर्माण कार्य के मजबूतीकरण पर सवालिया निशान लगा दिया है. यहां नागरिकों द्वारा यह शिकायत नगर पंचायत में की गई हैं. जिसमें नगर पंचायत अभियंता आरिफ शेख ने कहा कि यह निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी के तहत किया गया है. ऐसे में इस शिकायत की जानकारी संबंधित विभाग तक पहुंचाई जाएगी, वहीं सार्वजनिक बांधकाम अभियंता प्रणव ठाकरे ने इस विषय पर तत्काल संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए जाने की बात कही है.

# मेरा लक्ष्य अंत्योदय पथ अंत्योदय - विधायक विनोद अग्रवाल

## फुलचुर, चुटिया, लोधिटोला में महायुति प्रत्याशी विनोद अग्रवाल की बैठक जनसभा में सैकडों ग्रामवासियों ने दर्ज कराई उपस्थिति

**गोंदिया**-गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में कोरोना के 2 साल छोड़कर मात्र 3 सालों के मिलें कार्यकाल में अपनी राजनीतिक शक्ति का भरपुर उपयोग कर गोंदिया का चेहरा मोहरा बदलने वाले वर्तमान विधायक एवं महायुती में भाजपा उम्मीदवार विनोद अग्रवाल को हर क्षेत्र से, हर समाजवर्ग से बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। उनकी फुलचुर, चुटिया, लोधिटोला की बैठक जनसभाओं में सैकड़ो ग्रामीणजनों की उपस्थिति दर्शा रही थी कि, इस बार जनता पुनः जनता के आमदार को अपना जनप्रतिनिधित्व सौंपेगी। अपनी जनसभाओं में विधायक व महायुति प्रत्याशी विनोद अग्रवाल कहते है कि, सत्ता मात्र एक माध्यम है अपनों की सेवा करने का। मेरा लक्ष्य अंत्योदय है, पथ अंत्योदय एवं प्रण अंत्योदय है। वे कहते है कि जबतक गोंदिया क्षेत्र के प्रत्येक समाजवर्ग का विकास नहीं होगा, अंतिम पंक्ति पर बैठे महिला, पुरुष विकास की धरा में नही आएंगे तब तक मेरी सेवा जारी रहेगी। विनोद अग्रवाल के विधायकी कार्यकाल में मात्र तीन सालों में 20 हजार दिव्यांग, विधवा, मरीज लाभार्थीयों को श्रावण बाल, संजय गांधी निराधार योजना से लाभान्वित हुए है। जबकि इसके पूर्व गोंदिया में इसका रेशो मात्र 9 हजार के करीब था। इतना ही नहीं ऐसे 50 हजार लाभार्थी नए बनें है जिन्हें राशनकार्ड का लाभ मिल रहा है। 10 हजार से अधिक ऐसे नागरिक है जिन्हें जटिल ऑपरेशन से लेकर हर तरह की स्वास्थ्य सुविधा का निशुल्क लाभ देने का प्रयास किया गया। 200 ऐसे दिव्यांगजन है जिन्हें बैटरी चलित ई रिक्शा देकर मानव सेवा की गई। वे कहते



है अगर कोई कहे मैंने क्या किया है तो, मैंने सिर्फ मानवसेवा, ईश्वरीय कार्य करने का सदैव प्रयास किया है। महिलाओं को सम्मान और आधार देने लाडली बहन योजना शुरू करायी। महिलाओ के लिए प्रत्येक ग्राम में महिला भवन शुरू करने का प्रयास किया। अच्छी स्वास्थ्य सेवा हेतु गोंदिया में 9 और ग्रामीण में 20 स्वास्थ्य केंद्र मंजूर कराएं। अन्नदाताओं के लिए प्रत्येक ग्राम में कृषि गोदाम की शुरुआत की। सिंचन के लिए, पीने के पानी के लिए डांगोरली बैराज को मंजूर कराया। किसान किसी भी सेंटर पर धान बेच सकें ये व्यवस्था शुरू करायी। 12 हजार किसानों को कृषि सन्मान निधि से लाभान्वित किया। धान को 20 हजार से 25 हजार प्रति हेक्टरी कैसे लाभ मिले इसके लिए भी सरकार से गुहार लगाई। इन सब के बाद भी मुझे मेरे लक्ष्य अंत्योदय को पूरा करना है। इसके लिए मुझे डबल शक्ति के साथ आशिर्वाद चाहिए। जो कांग्रेस के 27 साल में नहीं हुआ उसे करने का हमनें 3 साल में प्रयास किया है। मेरे कार्यो का मूल्यांकन अब मैं आप पर छोड़ता हूँ। मुझे विश्वास है मेरी जनता मुझे आशिर्वाद जरूर देगी। कार्यक्रम में पंस सभापति मुनेश रहांगडाले, कृउबास सभापति भाऊराव उके, छत्रपाल तुरकर, जिप सदस्य दीपाताई चंद्रिकापुरे, राजेशजी चतुर, सरपंच मिलन जी रामटेककर, राजेशजी अंबुले, महेशजी मस्करे, करणजी टेकम, मोहन भाऊ गौतम, कमलेश जी सोनवाने, सुधीरभाऊ चंद्रिकापुरे, सुभानभाऊ रहांगडाले, कैलाश भाऊ गजभिये, कुलदीपजी रिनायत, रामूजी गौतम, टिंगू जी अग्रवाल, दुर्गाप्रसादजी बिसेन, मोनू जी पारधी, अशोक जी चन्ने, सुखचंद जी येड़े, गावंडे मैडम, आशाजी फुलसुंगे, सरस्वती जी रहांगडाले, ईशाजी गौतम, रूपालिताई अंबुले, दिलीपजी खंडेलवाल, मिताराम जी हरडे, डॉ. यादेश्वर जी अंबुले, घोलूराम सवालाखे, शंभुजी बिसेन, रूपचंदजी नागपुरे, मुकेशजी लिल्हारे, मुकेश जी हलमारे, संजयजी हिरापुरे, नरेंद्र जी वैध, सेवकरामजी शेंडे, जयप्रकाशजी मेश्राम, भूमेशजी मेश्राम, भूमेश्वर जी दिहारी, तुलाराम जी दिहारी, भीमराव जी नागवंशी, हेमराज जी चौहान, शालिकराम पटले, डॉ. पटलेजी, जयेंद्र जी वट्टी, राजूजी पटले, अजित जी टेंभरे, प्रेमशीला ताई लांजेवार सहित सैकड़ों ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

# 19 दिनों में बढ़े 3,640 मतदाता मतदाताओं की संख्या 11.25 लाख

**गोंदिया**-जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 11 लाख 21 हजार 460 थी. 4 नवंबर तक हुए मतदाता पंजीकरण के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या 11 लाख 25 हजार 100 पहुंच गई है. पिछले 19 दिनों में गोंदिया जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 3,640 बढ़ गई है. गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है. महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है. निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता पंजीकरण, नाम बदलने, मतदाताओं का स्थलांतरण जैसी प्रक्रियाएं लगातार जारी है. इस हिसाब से मतदाताओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित एक चर्चा में बताया गया कि 15 अक्टूबर तक जिले में मतदाताओं की संख्या 11 लाख 21 हजार 460 थी. इस बीच, पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहने के कारण 3,640 मतदाताओं ने अपना नाम दर्ज कराया है. ऐसे में 4 नवंबर तक मतदाताओं की संख्या 11 लाख 25 हजार 100 हो गई है. पिछले 19 दिनों में जिले में 3 हजार 640 मतदाता बढ़े हैं. अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में 497 मतदाताओं की वृद्धि हुई है और कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 58 हजार 966 हो गई है. तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्र में 983 मतदाता बढ़े हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 71 हजार 079 हो गई है. गोंदिया विधानसभा के मतदाताओं की संख्या में 1,476 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है और कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 25 हजार 556 हो गई है. आमगांव विधानसभा क्षेत्र में 684 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है. और इस क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 69 हजार 499 हो गई है. जिले के 11 लाख 25 हजार 100 मतदाता 20 नवंबर को मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे.

# श्री मारवाड़ी युवक मंडल, गोंदिया का दीपावली स्नेह मिलन

## मेधावी छात्र-छात्राओं का सत्कार एवं अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम हर्षउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ










**बुलंद गोंदिया।** श्री मारवाड़ी युवक मंडल, गोंदिया द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन, समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सत्कार एवं अन्नकूट प्रसाद का कार्यक्रम प्रमुख अतिथि विधायक विनोद अग्रवाल एवं पूर्व विधायक गोपालदासजी अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिती में श्री राजस्थान कन्या विद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष वेदप्रकाशजी गोयल, सातों घटक समाजों के अध्यक्ष के रूप में श्री अग्रसेन स्मारक समिति के अध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, राजस्थानी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष आनंद पुरोहित, जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष दिनेश बैद , खंडेलवाल युवक मंडल के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, श्री राजस्थानी सेन समाज के अध्यक्ष गोविंद सुलोधिया तथा श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष महेश जालू उपस्थित थे । साथ ही विशेष अतिथि के रूप गोंदिया मारवाड़ी समाज के गौरव अशोक अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, दिनेश दादरीवाल, दामोदर अग्रवाल, बजरंगलाल शर्मा, छैलबिहारी अग्रवाल, ओमप्रकाश मूंदड़ा, शैलेश बैंद आदि गणमान्य मंच पर उपस्थित थे । कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी समाज के होनहार विद्यार्थियों, जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में विभिन्न पाठ्यक्रमो में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किये, उन्हें मैडल (रजत पदक) एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानीत किया गया । कार्यक्रम का सफल एवं शानदार मंच संचालन राम अग्रवाल एवं हर्षल पवार ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्री मारवाड़ी युवक मंडल कार्यकारिणी के अध्यक्ष महेश गोयल एवं सक्रिय सदस्य आलोक (पिंटू) खंडेलवाल, रितेश अग्रवाल, बालमुकुंद माहेश्वरी, ललित दादरीवाल, अभिषेक अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, अजय शर्मा, पं. आशीष शर्मा, नरेश जैन, दिनेश (रोशन) अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पदम अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, गोपाल सोनी, राजेश शर्मा, संजय शर्मा, गोपाल अग्रवाल, संजय खंडेलवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, आनंद कालोया, अंकित तिवारी, आदेश शर्मा, रितिक अग्रवाल आदि सदस्यो ने अथक प्रयास किये ।

# दुलीचंद मेश्राम नवोदय विद्यालय राष्ट्रीय ताइक्कांडो स्पर्धा के टेक्निकल डायरेक्टर नियुक्त



**बुलंद गोंदिया।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत नवोदय विद्यालय समिति भोपाल रीजन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवोदय विद्यालय ताइक्कांडो कंपटीशन 2024 का आयोजन नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में आयोजन किया गया था। इस कंपटीशन में गोंदिया के ताइक्कांडो खेल के इंटरनेशनल रेफरी एवं प्रशिक्षक, एवं गोंदिया जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दुलीचंद मेश्राम इनका कंपटीशन में आयोजन समिति द्वारा टेक्निकल डायरेक्टर के रूप में नियुक्ति किया गया। इस कंपटीशन में संपूर्ण भारत से नवोदय विद्यालय के सभी रीजनल के टीम सहभाग हुए थे, स्पर्धा मे दुलीचंद मेश्राम द्वारा टेक्निकल डायरेक्टर के रूप में यशस्वी कार्य करने पर नवोदय विद्यालय भोपाल रीजन के असिस्टेंट कमिश्नर लेखराज मीणा, नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य संजयकुमार मंडल इन्होंने उनका स्मृति चिन्ह, शॉल एवं प्रमाणपत्र देकर श्री मेश्राम इनका सम्मान किया गया, कंपटीशन में राजनंदगांव के सांसद श्री संतोष पांडे, जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, सब डिविजनल मजिस्ट्रेट मनोजकुमार मरकाम इन्होंने उपरोक्त स्पर्धा में उपस्थिती देकर खिलाड़ियों तथा टेक्निकल कार्य करने वाले सभी ऑफिशल को शुभकामनाएं दी।

# आम लोगों को मुद्रांक बढ़ोतरी का खामियाजा स्टांप के साथ जेरॉक्स की लागत भी बढ़ी




**गोंदिया**-शासन द्वारा 100 रु. का स्टांप बंद कर दिए जाने से नागरिकों को छोटे- छोटे काम के लिए भी 500 रु. का स्टांप खरीदना पड़ रहा है. परिणामस्वरूप, नागरिकों की जेबें दबने से रोष की भावना है. राज्य का राजस्व बढ़ाने के लिए सरकार ने स्टांप एक्ट में संशोधन कर 100 रु. के स्टांप को बंद करने का फैसला किया है. इसके स्थान पर अब 500 रु. का स्टांप अनिवार्य कर दिया गया है. राज्य सरकार द्वारा स्टांप दर बढ़ाने का लिया गया फैसला अब आम लोगों को परेशान कर रहा है. किसी भी प्रकार के दस्तावेज के लिए कम से कम 500 रु. का स्टांप अनिवार्य कर दिया गया है. इस संबंध में शासन से स्टांप विभाग को शासनादेश प्राप्त हो गया है. साथ ही 100 रु. के स्टांप की बिक्री भी बंद नहीं हुई है. 100 रु. का स्टांप जोड़कर बेचा जा सकता है. जिसके अनुसार, राजस्व और वन विभाग ने एक अध्यादेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि शपथ पत्र, समझौते, मूल्यांकन, प्रशिक्षु उम्मीदवारी, वैधानिक निर्णय, दुय्यम प्रतिवादी तलाक, लाइसेंस, साझेदारी लेख, वचन पत्र के सत्यापन, जारी करने के लिए पांच सौ रु. के स्टांप की आवश्यकता होगी.

# प्रफुल पटेल ने जारी किया राकांपा का घोषणा पत्र



**गोंदिया**-पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राकांपा नेता प्रफुल पटेल ने 6 नवंबर को सुबह 11 बजे अपने निवास स्थान पर आयोजित पत्र-परिषद में राकांपा का राज्यस्तरीय एवं विधानसभा क्षेत्रवार घोषणा पत्र जारी किया। उन्होंने इस अवसर पर पिछले कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का ब्यौरा देते हुए कहा कि आगामी समय में सामान्य जनता को दिए गए वचनों की पूर्ति करने का हमारा दृढ़ निश्चय है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र वार घोषणा पत्र समझने के लिए महाराष्ट्रवादी हेल्पलाइन द्वारा अपने उम्मीदवारों की जानकारी एवं विधानसभा क्षेत्रवार विकास कार्यों की जानकारी कैसे ली जा सकती है? इसकी भी जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन भी उनके साथ उपस्थित थे। पटेल ने कहा कि राज्यभर में एक ही दिन घोषित किए गए हमारे संकल्प पत्र से पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की जनता के प्रति कटिबद्धता और भविष्य के विकास की रूपरेखा भी स्पष्ट हो गई है।

# पुलिस निरीक्षक तरूण जोशी की हुई नियुक्ति



**अर्जुनी मोरगांव**-63 अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए पुलिस निरीक्षक तरूण जोशी का चयन किया गया है. वह भारतीय पुलिस सेवा 2004 चयन बैच के पुलिस अधिकारी हैं और तेलंगाना कैडर से हैं. वे अर्जुनी मोरगांव में आ चुके है. उनका कैंप नवेगांवबांध जिला परिषद विश्रामगृह में है. 4 से 24 नवंबर तक उपलब्ध हैं और यदि चुनाव के संबंध में कोई शिकायत हो तो उनसे संपर्क किया जा सकता है. अर्जुनी मोरगांव के उपविभागीय अधिकारी वरुणकुमार शहारे ने बताया कि उनसे दोपहर 11 से 12 बजे के बीच मुलाकात की जा सकती है.

# अहिर यादव समाज ने की छत्तीसगड़ी परंपरा अनुसार गोवर्धन पूजा



गोंदिया-प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोंदिया नगर के अहिर यादव समाज ने छत्तीसगड़ी परंपरा अनुसार गोवर्धन पूजा व सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन श्रीकृष्ण मंदिर परिसर, संविधान नगर, बजाज वार्ड में 2 नवंबर शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में समाज के सभी लोगों ने मिलकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगड़ी पारंपरिक राउत नाचा और छत्तीसगढ़ी दोहे प्रस्तुत किए गए, जिनकी रंग-बिरंगी वेशभूषा और ढोल ताषों के साथ शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज के सभी सदस्य और खासकर नन्हे-मुन्ने बच्चों की उत्साहभरी उपस्थिति ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। इस आयोजन के तहत नव-निर्माणाधीन श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में सामूहिक गोवर्धन पूजा भी की गई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने भक्ति-भाव के साथ पूजा-अर्चना कर आनंद उठाया। इस मौके पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों में समाज के अध्यक्ष कमलजी यादव, उपाध्यक्ष शिवचरणजी यादव, सचिव उत्तमजी यादव, कोषाध्यक्ष मोनु जी यादव, प्रहलाद यादव, संजय यादव, संजय बगेरल, विनोद यादव, शंकर यादव,मनोज यादव, छोटु यादव, संतोष यादव, राकेश यादव, उमेश यादव,राजेश यादव, राजेश बेसन?, उमेश यादव, सुनिल यादव, अशोक यादव के साथ महिला समिति की अध्यक्ष रुक्मणी कृष्ण यादव, गिता घनश्याम यादव, प्रेमबती गोविंद यादव, किरण संजय यादव, शितल सुरज यादव, सुनिता तुलसीराम यादव, मंजु संजय यादव, सुनिता प्रहलाद यादव, हितेश्वरी सुनिल यादव, नंदिनी राजेश यादव, मोना मनोज यादव, मंगला शंकर यादव, गायत्री दिनेश यादव साथ ही नवयुवक समिति के अध्यक्ष रवि नेवरा, उपाध्यक्ष सुरज यादव, सचिव प्रित यादव, कोषाध्यक्ष गणेश यादव, सहकोषाध्यक्ष राज यादव, संगठन मंत्री रोमी यादव, आकाश यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चे कुणाल यादव, रूद्र यादव, नमन यादव, पवन यादव, चित्रांश यादव, खुशाल यादव,कृष्ण यादव रितिक यादव, प्रियांश यादव ने भी अपनी उपस्थिति से आयोजन को उत्सवमयी बना दिया। आयोजन की सफलता में समाज के सभी सदस्यों ने अपनी पूरी ऊर्जा और सहयोग प्रदान किया, जिससे यह कार्यक्रम एक यादगार सांस्कृतिक उत्सव बन गया। समाज के सभी सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अभूतपूर्व सहयोग दिया।

# श्मशान घाट पर मनाया बर्थडे, भय का माहौल खत्म करने के लिए किया इस तरह का आयोजन





**बुलंद गोंदिया।** अपना जन्मदिन खास हो इसके लिए अधिकांश लोग पहले से ही आयोजन की तैयारिया में जुट जाते है। क्यों कि बर्थ डे हर किसी के लिए खास दिन होता है। जन्मदिन पर आने वाले अतिथियों की खास व्यवस्था के लिए होटल, फार्म हाउस या कोई बड़े लॉन में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लेकिन गोरेगांव तहसील के पिंडकेपार निवासी पत्रकार भरत घासले ने कुछ ऐसी तैयारी की कि सुनकर कोई भी सोच में पड़ जाएगा। भरत घासले ने अपना जन्मदिन एक श्मशान भूमि पर मनाया । 4 नंवबर को 47 साल के हुए और अपने जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए सोमवार (4 नवंबर) को पिंडकेपार श्मशान भूमि पर एक पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में मेहमानों को भोजन और केक परोसा गया। इस पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हो रहा है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर पत्रकार भरत घासले ने ऐसी प्लानिंग क्यों की ?दरअसल उनका मकसद श्मशान भूमि को लेकर लोगों में जो भय का माहौल बना हुआ है। उसे खत्म कर श्मशान घाट यह शांति धाम है। यह संदेश देना था। यही वजह रही कि कि उन्होंने श्मशान घाट पर जन्मदिन मनाने की सोची। इस मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों ने जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि श्मशान भूमि का नाम लेते ही महिला, पुरुष व बच्चो मे डर का माहौल बन जाता है। दिन हो या रात किसी भी समय श्मशान भूमि पर जाने के लिए अधिकांश लोग कतराते है। भय का माहौल खत्म करने की प्रेरणा उन्हें मोक्ष धाम सेवा समिति गोंदिया से मिली। इस समिति ने मोक्षधाम की साफ सफाई, ऑक्सीजन पार्क ताकि यहां पर हर कोई किसी भी समय आकर सैर कर सके। धीरे धीरे डर का माहौल खत्म हो गया और गोंदिया के मोक्षधाम मे सैर सपाटा करनेवालों की भीड़ होने लगी। उन्होंने कहा कि वह लोगों को यह संदेश भी देना चाहते थे कि भूत-प्रेत कुछ नहीं होते। उन्होंने बताया कि पिंडकपार श्मशान भूमि पर 1 हजार से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। पौधों का संवर्धन सामाजिक वनीकरण विभाग द्वारा किया जा रहा है। जल्द ही यह मोक्षधाम शांति धाम मे बदलकर हरि भूमि के रूप मे पहचाना जाएगा।

# बहिष्कार के बजाय करें अपने मताधिकार का उपयोग



**सालेकसा**-आमगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचन अधिकारी तथा उपविभागीय अधिकारी कविता गायकवाड ने नानवा गांव का दौरा कर गांव के लोगों से मुलाकात की. गायकवाड़ ने नागरिकों से चुनाव का बहिष्कार के बजाय अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की. पिछले 10 वर्षों से सालेकसा-नानवा के बीच पक्के मार्ग निर्माण की मांग की जा रही है. साथ ही सालेकसा-नानवा के बीच बहने वाले कुआटांस नाले पर नए पुल का निर्माण की मांग भी जनप्रतिनिधि व सरकार से की जा रही है. लेकिन जनप्रतिनिधि व सरकार द्वारा उदासीनता बरती जा रही है. मार्ग एवं पुल की समस्या को लेकर नागरिकों ने 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी. इस संबंध में जिलाधिकारी प्रजीत नायर समेत संबंधित विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया था. जिलाधिकारी नायर ने उपविभागीय अधिकारी गायकवाड़ को नागरिकों से चर्चा करने का आदेश दिया था. इसके बाद एसडीएम गायकवाड़ तहसील कार्यालय से स्कूटी से 4 कि.मी. की यात्रा करते हुए अपनी टीम के साथ सीधे नानवा गांव पहुंची. यात्रा के दौरान उन्होंने प्रत्यक्ष में नाले पर बने डेंजर्स पुल का निरीक्षण किया. खराब मार्गों का अनुभव भी लिया. गांव के दौरे के दौरान उन्होंने ग्रा.पं. कार्यालय में ग्रामवासियों से चर्चा कर गांव की समस्या को दूर करने के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की. इसी प्रकार प्रशासनिक स्तर पर गांव की समस्या को तत्काल हल करने के लिए तेज गति से कार्रवाई का आश्वासन भी उन्होंने ग्रामवासियों को दिया. चर्चा के दौरान सालेकसा के तहसीलदार नरसय्या कोंडागुर्ले ने भी प्रशासन स्तर पर कार्रवाई कर समस्या को हल करने का आश्वासन दिया. इस दौरान तहसीलदार कोंडागुर्ले, चिचगढ़ तहसीलदार गोमासे, नानवा सरपंच गौरीशंकर बिसेन, स्वीप कार्यक्रम अधिकारी प्रा. विजय मानकर, प्रा. गणेश भदाई, प्रा. राकेश रोकड़े व मान्यवर उपस्थित थे.

# पांच वर्ष में नहीं आई एक भी बड़ी योजनाः अग्रवाल



**गोंदिया**-महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया के विकास के बड़े-बड़े वादे भारी आंकड़ों के साथ वर्तमान विधायक और उनके लोग कर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि हजारों करोड़ के विकासकार्यों की बात आप करते हैं तो उतने रुपए में गोंदिया को पेरिस बन जाना था, लेकिन आज 100 मीटर भी सड़कों पर बिना झटके खाए आम आदमी नहीं चल सकता। हमने दूरदर्शिता के साथ समय पर नए उड़ानपुल का निर्माण किया और आपने मंजूर उड़ानपुल को समय रहते बनाना तो दूर तोड़ने में ही पूरे पांच वर्ष बिता दिए। गोपालदास अग्रवाल 5 नवंबर को प्रभाग 4 और 6 में जनसंपर्क 7 पदयात्रा के दौरान बोल रहे थे। अग्रवाल ने कहा कि हमारे कार्यकाल में बना पूर्वी बायपास नागरिकों को राहत प्रदान कर रहा है और पश्चिमी बायपास का भूमि अधिग्रहण भी मेरे ही कार्यकाल में मंजूर हुआ था। बावजूद आज तक पश्चिमी बायपास के निर्माण का कोई ठिकाना नहीं है। यदि आप सबके आशीर्वाद से मैं चुनाव जीतता हूं तो, एक वर्ष के अंदर रेलवे उड़ानपुल का लोकार्पण कर जनता को समर्पित करने का वादा करता हूं। पूर्व विधायक रमेश कुथे ने कहा कि आज देश में हिंदुत्व की नई परिभाषा जन्म ले रही है। 10-11 साल के मोदी राज में देश के हिंदू खतरे में आ गए हैं। मैं भी हिंदू हूं, मगर खतरे में नहीं हूं। क्योंकि मैं भाजपा का हिंदू नहीं। संचालन कांग्रेस नेता अपूर्व अग्रवाल ने किया। पदयात्रा में सौरभ रोकड़े, दानिश रफीक, अमर वराड़े, पुरुषोत्तम कटरे, विनोद जैन, हरीश तुलसकर, पी.जी. कटरे सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।